हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 30 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

10 अद्भुत खेल कौशल से ध्यानचंद ने भारत....



10 विजेता विद्यार्थियों प्रशस्ति पत्र देकर किया...



## शिक्षामंत्री की अध्यक्षता में जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की बैठक, 15 में से 10 शिकायतों का समाधान

# हटाना था चबूतरा, थमा दिया मकान हटाने का नोटिस

### मकान हटाने का नोटिस जारी करने वाले अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट के आदेश

सरकार द्वारा प्रदेश के स्कूलों का चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा ढ़ाचागत सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शुक्रवार को जिला परिवेदना समिति बैठक में प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उचाना कला के वार्ड आठ में एक अवैध चबूतरे की शिकायत पर नगर पालिका के अधिकारियों ने चबूतरा हटाने के बजाय मकान मालिक को मकान हटाने का नोटिस थमा दिया। बैठक में जब मंत्री ने नगर पालिका के सचिव से इस गलत नोटिस के बारे में जवाब मांगा तो अधिकारी कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाए। नाराजगी जताते हुए मंत्री ढांडा ने जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दिए कि अगले दो दिनों के भीतर अवैध चबूतरा हटाया जाए। उन्होंने चेताया कि यदि समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित अधिकारी को निलंबित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही मकान हटाने का नोटिस जारी करने वाले अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट करने के आदेश भी जारी किए गए।





जींद। शिकायतें सुनते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, उचाना एसडीएम दलजीत सिंह, नरवाना एसडीएम जगदीश चन्द्र, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह, डीएमसी सुरेन्द्र दून व नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पुष्पा तायल, डा. राज सैनी सहित जिला परिवेदना समिति के गैरसरकारी सदस्य व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### 1500 स्कूल चिह्नित किए

प्रदेश के शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत इस नजरिये को बदलने की कौशिश की गई है। अब अभिभावकों में सरकारी संस्थाओं के प्रति सकारात्मक भावना पैदा हो रही है। वर्तमान सत्र के दौरान प्रथम चरण में प्रदेश के 1500 ऐसे स्कूल चिह्नित किए हैं, जिनके भवन पुराने हैं और जर्जर हालात में है तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव है। शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायतों से भी सरकारी स्कूलों के रखरखाव एवं समुचित व्यवस्था दुरूस्त करने में अपना सकारात्मक सहयोग देने के लिए कहा।

#### कमेटी गठित कर जांच के आदेश

इस मामले पर शिक्षा मंत्री संज्ञान लेते एडीसी की अध्यक्षता में डीआरओ, डीडीपीओ तथा समिति के चार गैर सरकारी सदस्यों की कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए। कृष्णा कुमार निवासी मुआना कि शिकायत में बताया गया कि उनकी जमीन को पोर्टल पर दूसरे के नाम दर्शाया गया और दूसरे लोगों द्वारा उनको यानि जमीन मालिक को मिलने वाली मुआवजा राशि वसुल कर ली गई। इस पर कैबिनेट मंत्री ने उचित जांच के आदेश दिए और अतिरिक्त उपायुक्त को धोखाधड़ी करने वाले उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में परिवेदना समिति की बैठक में प्राप्त अन्य दस शिकायतों का समाधान कर फाइल किया गया।

#### घुसपैठियों के वोट से सरकार बनने की मंशा रखने वाले देशद्रोही

जीद। शिक्षा मत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि घुसपैठियों के वोट के दम पर सरकार बनने की मंशा रखने वाले विपक्षी देशद्रोही हैं। इस लिए इन दलो को दर्द हो रहा है। महिपाल ढांडा शुक्रवार को डीआरडीए हाल मे परिवेदना समिति की बैठक के बाद पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। उन्होने विपक्ष द्वारा वोट चोरी के आरोपो को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर कहा कि देश में घुसपैठ कर फर्जी तरीके स बनाए वोटो को काटा जा रह हैं। उन्होने कहा कि विपक्ष वोट चोरी का मामला उठा रहा है। जबकि यह लोग घुसपैठियों के वोटों से सत्ता सुख भोगते रहे हैं। फर्जी वोट कटने से उन दलों को अब दर्द हो रहा है। देश कोई धर्मशाला नहीं है,जो यहा पर आएगा वही रह जाएगा। देश यहां के लोगों का है। घुसपैठिए यहां के युवाओं के रोजगार पर भी डाका डालेंगे। देश की जनता को भी मामले को लेकर मुस्तैद रहना चाहिए। यह राजनीतिक नहीं,बल्कि भविष्य का मुद्दा है। वर्ष 2004 में आधार कार्ड बनवाने वालों की जांच होनी चाहिए। अगर ऐसा होता रहा तो संसद में भी घुसपैठिए आकर बैठ जाएंगे। वोट चोरी की बात करने वालों ने घुसपैठियों को सरक्षण दिया । अब डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में बहुत सारे ऐसे घुसपैठिए आ पहुंचे है। जिन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों में अपने आधार कार्ड व वोट कार्ड बनवाए। अकेले बिहार में 71 लाख ऐसे वोट हैं। इतने वोट किसी राजनीतिक दल को भी नहीं मिले होंगे। उन्होने कहा कि लोग कांग्रेस को सिमेटने में लगे हुए हैं। जहां विपक्षी की सीट घटनी चाहिएं थी, वहीं पर बढ़ी है। जिसके बाद समझ आई कि गड़बड़ कहां है। एक घर में डेढ सौ वोट हैं। 20 गज के मकान में 35 -34 वोट बने हुए हैं। जब बीएलओ वहां गया तो कोई नहीं मिला। इस प्रकार की गड़बड़ी मिली तो वोट काटना शुरू कर दिया। जिससे विपक्ष को दर्द हुआ। 2004 तक देश में करोड़ों लोगों का आधार कार्ड बने है।

शिक्षा मंत्री कार्रवाई दर्शाती है कि वो जनता की शिकायतों के प्रति गंभीर हैं और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं। शिक्षा महिपाल ढांडा ने कहा कि कांग्रेसी घुसपैठियों के दम पर सरकार बनाने की मंशा रखने वाले देशद्रोही हैं। घुसपैठिए कल को यहां के युवाओं के रोजगार पर भी डाका डालेंगे। देश की जनता को भी इसमें मुस्तैद होना चाहिए। यह राजनीतिक नही भविष्य का मुद्दा है। आज कांग्रेस वोट चोरी का मामला उठा रही है। जबकि कांग्रेस घुसपैठियों के वोटों से सत्ता में रही। इसलिए कांग्रेस को दर्द हो रहा है। यह देश धर्मशाला नही है, जो भी आएगा रहेगा। देश यहां के लोगों का है। 2004 में आधार कार्ड बनवाने वालों की भी जांच होनी चाहिए। ऐसे तो संसद में भी घुसपैठिए आकर बैठ जाएंगे। कांग्रेसियों ने घुसपैठियों को शह दे दी, अब डर रहे हैं। स्थानीय डीआरडीए परिसर में शुक्रवार को जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने की। एजेंडे में रखी गई विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुना गया। समिति के समक्ष कुल 15 शिकायतें प्रस्तुत की गई। जिनमें से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समय सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की मारी टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** भम्भेवा के पास सड़क हादसे में घायल युवक की पीजीआई खानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार पिकअप गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भम्भेवा निवासी शुभम गत 17 को बाइक पर पानी लेने जा रहा था। उसी दौरा गोहाना की तरफ से आ रही गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी।

### युवक की हत्या करने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** बढसिकरी में मटौर निवासी युवक की हत्या के मामले की जांच थाना कलायत प्रबंधक इंस्पेक्टर रामनिवास व एएसआई बलवान सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी बढसिकरी कलां निवासी मनीष को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मटौर निवासी सतपाल सिंह की शिकायत अनुसार बुधवार को उसका बेटा प्रवीन गांव खडालवा के शिव मंदिर में माथा टेकने गया था।

### मकान का ताला तोड़ लाख की नकदी व आभूषण चोरी

**जींद।** आर्दश कालोनी में बीती रात चोरों ने मकान के कमरे का ताला तोड़ कर अढाई लाख रुपये की नगदी तथा सोने, चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आर्दश कालोनी निवासी रीना ने पुलिस को शिकायत दी है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस लगातार आमजन को साइबर अपराधों से बचाव बारे जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर एसपी के आदेशानुसार साइबर अपराधियों पर शिकंजा भी कसा जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एसआई रविंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी सेक्टर 2 रोहिणी दिल्ली निवासी नरेश को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### बीमा पॉलिसी की किश्त हड़प थमाई फर्जी रसीद

**जींद।** एलआईसी बीमा पॉलिसी की 11180 रुपये की किश्त लेकर उसे हड़पने तथा फर्जी रसीद थमाने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिव कालोनी सफीदों निवासी कपिल ने पुलिस को शिकायत दी है।

### फर्जी आईडी बनाकर किया बदनाम, केस

**कैथल।** तितरम थाना पुलिस ने एक किशोरी की इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर उसे जाति सूचक शब्द कहने तथा बदनाम करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तितरम थाना पुलिस के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 15 अगस्त से 28 के बीच साहिल, मोहित तथा तरसेम ने उसकी बेटी की इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई व उसे बदनाम करने के नियत पर पर अभद्र टिप्पणी की।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति नामजद

**कैथल।** कलायत पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। बढसीकरी खुर्द की एक महिला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि शादी कुछ में पूर्व रीति रिवाज अनुसार जसविंदर सिंह के साथ हुई थी। जसविंदर और अधिक दहेज की मांग को लेकर घर से पैसे लाने की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करता था।

### गणपति महोत्सव :11 फुट का लाइव पेंटिंग बना आकर्षण

**जींद।** रिद्धि सिद्धि क्लब द्वारा आयोजित पांचवें गणपति महोत्सव के दूसरे दिन अनूठा संगम देखने को मिला। सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी के पांच कलाकारों ने 11 फुट ऊंची गणपति की भव्य लाइव पेंटिंग तैयार कर मंत्रमुग्ध किया।

# ट्रक की टक्कर से दो खंभे गिरे

- गली में मौजूद एक महिला बाल बाल बची, बिजली बाधित रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

नगर में थाना के सामने स्थित गली में बीती शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब राशन डिपो से सामान उतारने के बाद निकल रहा एक ट्रक गली से निकल रहा था। गली संकरी होने और ट्रक की ऊँचाई अधिक होने के कारण ट्रक बिजली की तारों में उलझ गया। इससे गली में लगे दो खंभे टूटकर नीचे गिर पड़े और पूरे क्षेत्र की बिजली बाधित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना



लगभग शाम 6 बजे की है। जैसे ही खंभे टूटे, गली में मौजूद एक महिला बाल-बाल बच गई। खंभे गिरने से तारें जमीन पर आ गिरीं और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बिजली विभाग ने तुरंत थाना के सामने स्थित ट्रांसफार्मर से सप्लाई काट दी, जिसके चलते आधे नगर की बिजली ठप हो गई। बिजली कर्मचारी मौके पर पहुँचे और मुस्तैदी दिखाते हुए देर रात तक मरम्मत कार्य में जुटे रहे। उन्होंने नए खंभे खड़े किए, तारों को जोड़ा और लगभग रात 11 बजे तक नगर की बिजली आपूर्ति बहाल की गई। स्थानीय निवासी जगदेव सिंह, दीपक चौधरी, राजेंद्र, पुरुषोत्तम, गुरमेल, मनोहर, सुरेंद्र आदि ने बताया कि गली से बड़े वाहनों का गुजरना बेहद खतरनाक है। जबकि सड़क से निकलने का रास्ता मौजूद था, लेकिन ट्रक चालक ने शॉर्टकट लेने के चक्कर में गली से गुजरने का प्रयास किया, जिससे यह दुर्घटना हुई। निवासियों ने बिजली व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूरे नगर को केवल दो ही फीडरों में बांटा गया है।

# आठवें वेतन आयोग का अतिशीघ्र गठन करे सरकार

- कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जताया रोष, जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, दि पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन, ऑल हरियाणा पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन,नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन,मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन व हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने आठवें वेतन आयोग के गठन, कच्चे




कैथल। नारेबाजी करते बिजली निगम के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने व निजीकरण पर रोक लगाने आदि मुख्य मांगो को लेकर विभागीय स्तर पर गेट मीटिंग करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण, जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल, कैशियर रामकुमार व उपप्रधान सावित्री देवी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च की प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम तो तेज कर दिया है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा क्योंकि असली मायनों में सार्वजनिक विभागों को मजबूत करके ही देश को विकसित किया जा सकता है।

#### सरकार ने जारी

सुरेन्द्र, सुखविंद्र,, कपिल सिरोही, पवन रामफल दयोहरा, अमरनाथ किठानिया, विद्यावती, गौरव टांक, विक्की टांक, कृष्ण चंदाना, अमरदीप बनवाला, सुखदेव सिंह, सुरेंद्र पहलवान, अनिल कुमार, दलबीर सिंह, राजकुमार चहल, अमित कुंडू, कृष्ण गुलियाना, सुरेश द्रविड़, शमशेर कालिया, कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल,जयभगवान आदि मौजूद रहे।



पूंडरी। बिजली कर्मियों की बैठक के दौरान कार्यकारी अभियंता प्रदीप श्योकंद।

#### बिजली कनेक्शन काटकर होगी रिकवरी: प्रदीप

**पूंडरी।** बिजली निगम कार्यालय पूंडरी में कार्यकारी अभियंता प्रदीप श्योकंद ने गुरुवार को डिवीजन के सभी एसडीओ और जेई की बैठक लेकर उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिजली डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी, लंबे समय से बकाया रखने वालों के कनेक्शन काटकर हर हाल में रिकवरी की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्योकंद ने बताया कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के लिए दो बड़ी योजनाएं चला रही है—'पीएम सूर्य घर मुफ्त सौर ऊर्जा योजना' और 'बकाया बिल ब्याज माफी स्कीम'। उपभोक्ताओं के लिए लोन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा ब्याज माफी योजना के तहत उपभोक्ता 11 नवंबर 2025 तक अपने पुराने बकाया बिल (जो 30 अगस्त 2024 से पहले के हैं) का एकमुश्त भुगतान करके पूरा सरचार्ज माफ करवा सकते हैं। इतना ही नहीं, मूल राशि में से भी 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद तीस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

- जुर्माना न देने पर नौ महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीजे अनूपमिश मोदी ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में दोषी को 20 साल की कैद और 30000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 9 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस बारे में पीड़िता की मां ने थाना पुंडरी में 4 अक्टूबर 2022 को आईपीसी की धारा 376/3, 450, 506 और 4 पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा नंबर 509 दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी डीडीए जय भगवान गोयल ने की। गोयल ने बताया कि शिकायतकर्ता की 14 साल की लडक़ी 10वीं कक्षा में पढ़ती है। 27 सितंबर 2022 को वे सब लडक़ी को घर छोडक़र एक शादी में गए थे। उस दिन गुरमीत उर्फ मीतू गोरा ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया। लडक़ी ने दरवाजा खोला और मीतू लडक़ी को अकेला देखकर घर में घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। लडक़ी के शोर मचाने पर मीतू डर के मारे भाग गया। जब वे सब शादी से वापिस आए तो उस दिन लडक़ी ने डर के मारे कुछ नहीं बताया। फिर 2 अक्तूबर 2022 को शिकायतकर्ता अपने परिवार सहित लडक़ी को घर पर अकेला छोडक़र देवी मंदिर फतेहपुर गई हुई थी। उस दिन फिर मीतू करीब नौ 9 बजे आया और घर का दरवाजा खटखटाया तो लडक़ी ने दरवाजा खोला। मीतू लडक़ी को अकेला देखकर घर के अंदर घुस गया और जबरन रेप किया। जब वे वापिस अए तो लडक़ी ने बताया कि मीतू गोरा घर पर आया था और उसने जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया।



कैथल। शहर में प्रदर्शन करते मजदूर। फोटो :हरिभूमि

#### उपायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**कैथल।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों को यूनियन के जिला सचिव विनोद शाक्य, उपप्रधान शीशपाल व क्रान्तिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने सम्बोधित किया। सभी वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा में लगातार बढ़ती मंहगाई -बेरोजगारी ने आम जनता का जीना हराम कर दिया है खासकर मज़दूर, दस्तकार, छोटा दुकानदार और गरीब किसान परिवारों का। गरीबों को राशन कार्ड पर मिलने वाले सरसों तेल के रेट जो 40 रु में बोतल मिलती थी उसको बढ़ा कर 100 रु की कर दिया गया है। बार-बार बिजली के रेट बढ़ाये जा रहे हैं।

### विदेश में रह रहा जानकार बन कर हड़पे छह लाख

**जींद।** विदेश में रह रहा जानकार बन कर व्यक्ति को छह लाख दस हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पेगां निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। जिस पर विदेश में रह रहे जानकार की फोटो लगी थी। उसने जानकार मान कर उसके साथ मैसेंजर से चैटिंग शुरू कर दी। जिसके बाद उसने परिवार हालचाल जाना। फिर उसके अकाउंट में राशि डलवाने की बात कही और उसकी रसीद भी भेज दी। फिर राशि की अपने एजेंट को जरूरत बताया। जिसके बाद दूसरे व्यक्ति की कॉल आई और जानकार का हवाला देते राशि भेजने के लिए कहा था।

सुविधा | क्लीनिक का उद्देश्य उन मरीजों की विशेष देखभाल करना, जो बिस्तर से नही उठ पाते

# नागरिक अस्पताल में बेड रिड्डन मरीजों के लिए पॅलिएटिव देखभाल क्लीनिक प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बेड रिड्डन मरीजों के लिए पॅलिएटिव देखभाल क्लीनिक का आरंभ किया गया है। इस क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य ऐसे मरीजों की विशेष देखभाल करना है जो कि किसी भी कारण से बिस्तर से उठ नहीं सकते। इस कारण कारण उन्हें कई शारीरिक पीड़ा का सामना करना पड़ता है। पॅलिएटिव केयर का उद्देश्य गंभीर एवं असाध्य रोगों जैसे कैंसर, गुर्दे की बीमारी, हृदय रोग व अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों की देखभाल करना है। ऐसे मरीज को शारीरिक पीड़ा से बचाने के लिए विशेष दवाइयों की आवश्यकता होती है। सिविल अस्पताल में स्थापित यह क्लीनिक सप्ताह के प्रत्येक वीरवार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित नर्सों द्वारा संचालित किया जाएगा। यहां परामर्श, दर्द निवारण, मनोवैज्ञानिक सहयोग व आवश्यकतानुसार घरेलू देखभाल के बारे में मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी डा. संजीप मालिक ने बताया कि असाध्य बीमारियों के मरीजों के लिए यह क्लीनिक बहुत की मददगार साबित होगा। इसलिए जिन भी परिवारों में असाध्य बीमारियों के मरीज हैं वे इस क्लीनिक की सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करे और लाभ पाए।

#### क्लीनिक मरीजों के लिए आशा की नई किरण



नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि यह क्लिनिक समाज के उन मरीजों के लिए आशा की नई किरण है, जिन्हें अब तक केवल उपचार की सीमाओं तक ही देखभाल मिलती थी। पॅलिएटिव केयर उन्हें संपूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। जरूरतमंद मरीज प्रत्येक वीरवार को इस क्लीनिक में अपना इलाज करवाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसमें शारीरिक जांच लेबोरेटरी जांच की जाएगी और मरीज की जीवन शैली को सुधारने के लिए दवाइयों और मरीज के अभिभावकों को घर पर मरीज की देखभाल के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त घर पर भी मरीज की देखभाल के लिए सबसेंटर से स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा विजिट की जाएगी।

### ट्रेडिंग में मुनाफा दिखा लगाया 13 लाख का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा दिखा किसान को लगभग 13 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाकल निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। मई 2025 मे उसके पास वर्षा उर्फ वीना की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। जिसके बाद उनकी बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया। बातचीत के दौरान उसने वर्षा को अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर परेशानी बताई। जिस पर वर्षा ने बताया कि वह फोरेक्स में ट्रेडिंग करती है और अच्छे रुपये कमाती है। इसके इलावा उसकी सेटिंग भी है। एक बार रुपये लगा कर देखो, अच्छा मुनाफा होगा।

## खबर संक्षेप

### रोहन गौतम ने जीते स्वर्ण और रजत पदक

जींद। यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर के कक्षा आठ के छात्र रोहन गौतम ने अंडर 14 जिला तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में रोहन ने 200 मीटर आईएम में स्वर्ण पदक, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक जीत कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया।

### सीआरएसयू में नशा मुक्ति सर्वे

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि में भांग पौधों के संबंध में सर्वे एवं निरीक्षण किया गया। यह कारवाई अतिरिक्त उपायुक्त जींद के आदेशानुसार की गई। सर्वे दल में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हिसार के निरीक्षक ईएचसी अजय कुमार के साथ विवि उद्यान शाखा टीम डा. प्रवीण कुमार धर्मेश सैनी जूनियर इंजीनियर उद्यान एवं सहयोगी कर्मचारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान परिसर में मिले पौधों को चिन्हित कर तुरंत उखाड़ कर नष्ट किया गया।

### बैडमिंटन में याचना ने पाया अव्वल स्थान

उचाना। नरवाना के नवदीप खेल स्टेडियम में आयोजित हुई जिलास्तरीय बैडमिंटन आयु वर्ग 17 में लड़कियों की प्रतियोगिता में चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन की छात्राएं अंतिम, याचना ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रितु देवी ने बताया कि अंतिम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है।

### व्यापारी सम्मेलन 31 को मनाया जाएगा

जींद। श्री एसएस जैन सभा के प्रधान नवनीत जैन व व्यापार मंडल के जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर ने कहा कि जैन समाज द्वारा 31 अगस्त को व्यापारी सम्मेलन व तपस्वी फकीर चंद्र का दिवस जैन स्थानक में मनाया जाएगा। जिस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग होंगे।

### बच्चों ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

जींद। राजकीय वमावि खांडा में इको क्लब के तहत बच्चों को 100 पौधे वितरण किए गए। सरकार के कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम बच्चों को पर्यावरण से संबंधित बातें बताई और बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इको क्लब इंचार्ज देवेंद्र कौशिक ने सभी बच्चों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्राचार्य अशोक कुमार, संजीव कुमार, डा. रामचंद्र, सभी क्लास इंचार्ज इस अवसर पर मौजूद रहे।

### किसानों की सच्ची हितैषी है जजपा : नरेश द्वारका

जींद। जननायक जपता पार्टी के किसान सैल की बैठक अर्बन स्टेट कार्यालय में शुक्रवार को जेजेपी के जिला अध्यक्ष जोरा सिंह डूमरखां के अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर जेजेपी किसान सैल प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका ने संबोधित करते हुए कहा कि जेजेपी ही किसानों की सच्ची हितैषी है। जब सत्ता में भागीदारी थी तो किसानों के हितों में अनेक काम किए।

### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की शुरुआत

जींद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा 30 सितम्ब तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। सीजेएम मोनिका ने बताया कि इस अभियान के तहत मध्यस्थता के आधार पर वैवाहिक विवाद मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, बेदखली से संबंधी मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले तथा अन्य उपयुक्त दीवानी मामले निस्तारण किए जाएंगे।

### साईक्लोथान यात्रा की 19 साइकिल गायब

जींद। साईक्लोथान यात्रा के दौरान पुराना बस अड्डे के निकट से 19 साइकिल के गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना के तहसीलदार निखिल ने पुलिस को शिकायत दी है।

## नरवाना के स्कूलों में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

# अद्भुत खेल कौशल से ध्यानचंद ने भारत को विश्व स्तर पर किया गौरवान्वितः प्रदीप

### सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में मनाया खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल नरवाना में शुक्रवार को नर्सरी से पांचवीं तक के सभी विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस खेल प्रतियोगिता में पासिंग बॉल, जंपिंग रेस, बैलून रेस, कैरम बोर्ड गतिविधि, लूडो और चैस जैसे विभिन्न खेल करवाए गए। जूनियर विंग इंचार्ज एवं खेल शिक्षिका सुनीता राविश की देखरेख में सभी प्रकार के खेल एवं गतिविधियां करवाई गई। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागी बच्चों एवं सुनीता राविश को बधाई दी। सनातन धर्म महिला कालेज में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेलकूद दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने की। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य व छात्राओं ने उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला हरियाणा द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या व स्टाफ सदस्यों द्वारा मेजर ध्यानचंद जी को माल्यार्पण करके की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि कैसे मेजर ध्यानचंद ने अपनी प्रतिभा के बल पर भारत को कई बार ओलंपिक गोल्ड मैडल दिलवाए और उन्हें हॉकी का जादूगर इसलिए कहा जाता था कि वो इतना अभ्यास करते थे कि उनकी बॉल हॉकी से चुंबक की तरह चिपक जाती थी। इस अवसर पर डा. नयनदीप, डा. शालू सचदेवा, गौरव सिंगला, मनीषा सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना के तहत शुक्रवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना में अध्ययनरत छात्राओं को उनके अभिभावकों और शिक्षकों हेतु जिला जींद के 70वें तथा राज्य के 183वें बाल सलाह परामर्श व कल्याण केन्द्र की स्थापना करते हुए मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि राज्यभर के किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य उम्र विशेष, हार्मोनल बदलाव, भावनात्मक विकासख सामाजिक परिवेश व भविष्य निर्माण के उचित मार्गदर्शन के मद्देनजर निरंतर मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जनता स्कूल बेलरखां में राष्ट्रीय खेल दिवस पर रस्सा कस्सी खेल प्रतियोगिता आयोजितः जनता वमावि बेलरखा में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस हॉकी के जादूगर और भारत रत्न मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप गोयत ने बताया कि भारत में हर वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। ध्यानचंद जी ने अपने अद्भुत खेल कौशल से भारत को विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया।



जींद। डीएवी स्कूल में आयोजित खेलों में भाग लेते हुए छोटे बच्चे।



एसडी महिला कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।



जींद। केएम राजकीय कॉलेज में डॉक्यूमेंट्री देखते हुए छात्र व छात्राएं।

### डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई

हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के तत्वावधान में केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में खेल दिवस शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर मेजर सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा विद्यार्थियों को उच्चतर निदेशक द्वारा खेल दिवस के विषय में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को खेल दिवस पर बधाई दी।

## प. दीनदयाल के सपनों पर खरा उतरी नायाब सरकार : डा. भारत भूषण टाक

- प्रत्येक महिला को किए 2100 रुपये देने की योजना का वायदा पूरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सचिव डा. भारत भूषण टाक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के हित में लगातार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री और जन-जन की आवाज नायाब सिंह सैनी ने जब से हरियाणा की कमान संभाली है उसी दिन से हरियाणा में विकास के साथ साथ महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते कल्याणकारी योजनाएं जो संकल्प पत्र में जारी की थी उसको पूरा करने का काम कर रहे हैं। उसी का प्रारूप है कि आज मुख्यमंत्री ने अपने कड़ी मेहनत और अपने परिश्रम से हरियाणा कैबिनेट में विधानसभा चुनाव में किए अपने एक और वायदे को पूरा किया। भाजपा सरकार ने जो वायदे जनता के साथ करती है, उन्हें पूरा करती है। विधानसभा चुनाव में प्रत्येक महिला को किए गए 2100 रुपये देने की योजना का वायदा आज भाजपा सरकार ने पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा कैबिनेट ने की बैठक में फैसला लेकर दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लागू कर दिया है और 25 सितंबर से योजना का लाभ देने की बड़ी घोषणा की है। देश में महिला कल्याण की दिशा में यह एक तरह से सबसे बड़ी चुनावी घोषणा को भाजपा सरकार ने पूरा किया है। जिसके लिए वे मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हैं और प्रदेश भर की पात्र महिलाओं को बधाई देते हैं। उन्होंने महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। प. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर से इस योजना का शुभारंभ होगा। 25 सितंबर को हरियाणा की 23 वर्ष आयु या उससे अधिक आयु की महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

इसमें विवाहित और अविवाहित दोनों ही तरह की महिलाओं को लाभ मिलेगा। पहले चरण में उन परिवारों को शामिल किया गया है, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूह को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में हुए फैसले के अनुसार जल्द इस योजना का नोटिफिकेशन जारी होगा तथा एक एप भी लांच की जाएगी।

### जरूरतमंद को लाभ



एप के जरिए पात्र लाभार्थी महिलाएं घर बैठे ही इस योजना के लिए आवेदन कर सकती है। हर संभावित पात्र महिला को हम एसएमएस करेंगे कि आप उस ऐप पर आवेदन कर दें। डा. भारत भूषण टाक ने बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री माननीय मनोहर लाल जी द्वारा चलाई अनेक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है । जिनका बड़े स्तर पर गरीब वंचित और शोषित वर्गों को लाभ हो रहा है।

### नायब सरकार वादे लगातार पूरे कर रही

उचाना। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के हित में लगातार कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर उनको लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के चार स्तंभ बताए हैं जिनमें महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार नित्य नई योजनाएं को लागू कर रही है। सीएम नायब सिंह सैनी ने भी महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की है। विपक्ष घोषणापत्र को सरकार में आते ही भूल जाते थे। विधानसभा चुनावों के दौरान जो संकल्प पत्र जनता के सामने रखा उसे गीता के समान मानते हैं। संकल्प पत्र में विभिन्न वर्गों से किए गए वादे हमारी सरकार लगातार पूरे कर रही है। पत्रकार वार्ता में अत्री ने कहा कि महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए पंण दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया गया है। पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर से यह योजना शुरू होगी।



अपने आवास पर लोगों से रूबरू होते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।



कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को स्मृति चिन्ह देते प्रधान राजकुमार गोयल व अन्य पदाधिकारी।

### मंत्री विपुल को परिचय सम्मेलन का दिया न्योता

जींद। सात सितंबर को जींद स्थित अग्रसेन स्कूल में आयोजित होने वाले उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक, युवती परिचय सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा का शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल से फरीदाबाद में मिला और उन्हें मुख्य अतिथि के तौर पर परिचय सम्मेलन में आने का न्योता दिया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रमुख उद्योगपति संत गोपाल गुप्ता, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सावर गर्ग, महासचिव रामधन जैन, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, प्रेस सचिव सोनू जैन, कार्यकारी सदस्य नरेश अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने मंत्री विपुल गोयल को बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक व युवतियों को एक पारदर्शी एवं सशक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल वैवाहिक परिचय तक सीमित नही रहेगा बल्कि समाज में आपसी सहयोग, विश्वास और एकता की भावना को और प्रबल करेगा।

### खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विवि खेल परिसर में विवि खेल परिषद ने कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्सए टग आफ वॉर लड़कों व लड़कियों की प्रतियोगिताओं का आयोजन में कराया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने मुख्यअतिथि के रूप में युवा खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि खेल आज के युग में एक महत्वपूर्ण विद्या है। खेल के माध्यम से हम रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त कर सकते हैं। अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ठीक कर सकते हैं। एक स्वस्थ समाज का निर्माण हम खेल के माध्यम से कर सकते हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को खेल को अपनाना चाहिए। आज मोबाइल का युग है मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से कई तरह के मानसिक विकार आज हमारे युवाओं में आ रहे हैं। केवल और केवल खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम खिलाड़ियों को नशे से व मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बचा सकते हैं।



जींद। खेल मुकाबलों में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास : गहलावत

जींद। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आधारशिला विद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें रस्साकस्सी, दौड़, लैमन रेस, फुटबाल, नेटबाल, हैंडबाल इत्यादि को लेकर प्रतिस्पर्धाएं हुई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों में अत्यंत उत्साह था। सभी ने इनमें बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगिण विकास से है। खेलों से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। सामूहिक खेलों से बच्चों में अनुशासन, मार्गदर्शन व नेतृत्व जैसे खेलों का विकास होता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### नॉन स्पोर्ट्स एथलेटिक मीट का आयोजन

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस और नशामुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय के प्रांगण में नॉन स्पोर्ट्स एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को खेलों के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्राओं को समझाया कि खेलों के माध्यम से हम न केवल अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं बल्कि नशे जैसी बुरी आदतों से भी दूर रह सकते हैं। प्राचार्या ने कहा कि आज के समय में नशा एक बड़ी समस्या बन गई है और हमें इसके प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। प्राचार्या ने हरी झंडी दिखाकर एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया और प्रतियोगिता के संचालन के लिए डा. सीमा दलाल, नीलम और मीना को जिम्मेदारी सौंपी। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## किसान छात्र एकता संगठन ने सौंपा ज्ञापन

- किसान छात्र एकता संगठन ने की बस क्यू शेल्टर बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि में छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर शुक्रवार को किसान छात्र एकता संगठन ने विवि के डीएसडब्ल्यू डा. जसवीर सुरा को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता प्रथम ने बताया कि विवि के के बाहर बस क्यू शेल्टर न होने से छात्रों को काफी परेशानियां हो रही हैं। वहां पर न तो बैठने की उचित व्यवस्था है और न ही गर्मी और बरसात से बचने के लिए छात्रों को सिर ढकने तक की व्यवस्था है। जिसके कारण धूप, बारिश और सर्दी में विद्यार्थियों को खड़े-खड़े बस का इंतजार करना पड़ता है। जिसके कारण छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। युवा अध्यक्ष नवरत्न माथुर ने कहा विश्वविद्यालय के बाहर बस क्यू शेल्टर बनवाना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। छात्रों ने मांग की कि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द बस क्यू शेल्टर की व्यवस्था करे ताकि छात्र व छात्राओं को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। आए दिन बारिश हो रही है। काफी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय गेट के बाहर बसों का इंतजार करते हैं। बारिश आने के दौरान छात्रों को बारिश से बचने के लिए कोई जगह नही बचती है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नही किया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।



जींद। ज्ञापन सौंपते किसान छात्र एकता संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि



उचाना। महर्षि लोमश स्कूल में एनसीसी के कैडेट्स अभ्यास करते हुए।

### एनसीसी जूनियर विंग की शुरूआत

उचाना। महर्षि लोमश वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर में राष्ट्रीय कैडेट कार्प (एनसीसी) जूनियर विंग शुरू हुई है। स्कूल संचालक गजे सिंह गिल ने कहा कि पहले साल 25 कैडेट्स होंगे। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में महर्षि लोमश वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहला स्कूल है जहां पर एनसीसी जूनियर विंग शुरू हुई है। सेना में जाने का सपना संजोने वाले एनसीसी के माध्यम से अपना सपना पूरा कर सकते है। सर्टिफिकेट मिलने के बाद सेना में भर्ती के दौरान फायदा मिलता है। प्रधानाचार्य दिलबाग कौशिक ने एनसीसी का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि एनसीसी सही मायनों में देश सेवा के लिए हमें प्रेरित करने का काम करती है। ग्रामीण अंचल में किसी भी स्कूल में अब तक एनसीसी नहीं है। एनसीसी के आने के आने का फायदा विद्यार्थियों को मिलेगा। पहले साल 25 विद्यार्थी एनसीसी में शामिल हो सकते है। ऐपी को ट्रेनरए सुमिता को सीटीओ के तौर पर नियुक्त किया।

## इंडस अकादमी में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

# विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

- प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत विकास परिषद् के सौजन्य से इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना में भारत को जानो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना, भारतीय संस्कृति एवं इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामान्य ज्ञान का स्तर ऊंचा उठाना रहा। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया। प्रथम वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जबकि दूसरे वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपना ज्ञान प्रस्तुत किया। दोनों ही वर्गों के प्रतिभागियों ने अत्यधिक उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और भारतीय इतिहास, संस्कृति, भूगोल, स्वतंत्रता संग्राम, महान व्यक्तित्वों तथा संविधान से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी जानकारी का परिचय दिया। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थी न केवल प्रश्नों के उत्तर देने में सक्रिय रहे बल्कि इस प्रतियोगिता ने उनमें जिज्ञासा और सीखने की प्रवृत्ति को भी प्रोत्साहित किया। विद्यालय के हेड मास्टर जेएस सारंग ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते कहा कि भारत को जानो जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, जागरूकता और आत्मविश्वास की भावना जागृत करने में सहायक सिद्ध होती हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति व गौरवशाली इतिहास को गहराई से जानने का अवसर मिलता है। विद्यालय परिवार ने भारत विकास परिषद् का हार्दिक आभार व्यक्त किया और परिषद् द्वारा समय-समय पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र दिए गए तथा विजयी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस भी धूमधाम से मनाया । छात्रों ने विभिन्न खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, फुटबॉल, शूटिंग, कराटे और तीरंदाजी जैसे खेल शामिल रहे। खेल के मैदान में बच्चों के उत्साह और जोश से वातावरण जीवंत हो उठा।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि




जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### लंबित शिकायतों की समीक्षा की

जींद। जन समस्याओं के त्वरित निवारण और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में समाधान शिविर एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहे हैं। शुक्रवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से पंचायत एवं राजस्व विभागों में लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटान पर बल दिया। इससे पूर्व चंडीगढ़ मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशेष रूप से 60 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिग के बाद डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे शिकायतों, खासकर लंबे समय से लंबित मामलों का तुरंत समाधान सुनिश्चित करें और समय पर एटीआर पोर्टल पर अपलोड करें। कहा कि अधिकारी अपनी देखरेख में ही यह कार्य पूर्ण कराएं ताकि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। अब तक समाधान प्रकोष्ठ पर कुल 9,684 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

**खबर संक्षेप**

### धान में नमी की मात्रा बढ़ाए जाने की मांग

**पाई।** भाकियू व किसानों ने सरकार से मांग की है कि धान में नमी की मात्रा बढाई जाए। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहाकार अजीत सिंह हाबडी, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बलवान पाई, किसान रणधीर सिंह, बलबीर सिंह आदि ने कहा कि सरकार के द्वारा मंडियों में से किसानों का धान खरीदने के लिये सरकार ने उसमें नमी की मात्रा 17% रखी हुई है। यह नमी की मात्रा बहुत ही पुरानी है।

### महिला और युवती घर से लापता, मामला दर्ज

**कैथल ।** कैथल शहर से दो अलग-अलग मामलों में एक महिला और एक युवती के बिना बताए घर से चले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पहले मामले में कैथल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 28 को उसकी बेटी बिना बताए घर से चली गई तथा वापस घर नहीं लौटी। तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। दूसरे मामले में एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 28 को शाम के समय उसकी पत्नी का अज्ञात अपहरण कर ले गए।

### तारांवाली स्कूल में बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जांच की

**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव तारांवाली स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जांच की गई। इस प्रक्रिया का नेतृत्व क्लस्टर मुखिया सतीश कुमार ने किया। जांच के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के ज्ञान, समझ और बुनियादी कौशल का आकलन किया ।

### स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में दाखिला पोर्टल दोबारा शुरू

**कैथल।** आरकेएसडी कालेज, कैथल में स्नात्तकोत्तर प्रथम वर्ष में दाखिला प्रक्रिया के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दाखिला पोर्टल दोबारा खोल दिया गया है। प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर ने बकाया सीटों का ब्यौरा देते बताया कि अभ्यर्थी महाविद्यालय में आकर इन सीटों पर 12 सितम्बर से पहले दाखिला ले सकते हैं। स्नात्तकोत्तर कक्षाओं में दाखिला लेने के अंतिम दिन तक कुल 246 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इनमें 190 लड़कियां एवं 56 लड़के शामिल हैं।

### विद्यार्थियों को जादू के शो से दिया पानी बचाने का संदेश

**राजौंद।** पूंडरी मार्ग पर स्थित एसडीम स्कूल के प्रांगण में जादू का शो दिखाया गया। बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला। इस दौरान सुरजीत जादूगर के माध्यम से बच्चों को अनेक संदेश भी दिए गए। जादू के माध्यम से बच्चों को पेड़ और जल बचाओ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया गया। जादू के माध्यम से बच्चों को अंधविश्वासों से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान बच्चों में बहुत खुशी भी देखने को मिली।

### गौरव स्कूल में करवाई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**राजौंद।** गौरव स्कूल रोहेड़ा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व बाल सभा का आयोजन करवाया गया। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों के बच्चों ने बढ़ -चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहला स्थान वीर सावरकर सदन ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान भगत सिंह सदन व तीसरा स्थान सुभाष चंद्र बोस सदन ने प्राप्त किया।

*जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में डीसी प्रीति ने जारी किए आदेश*

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी मामले में एफआईआर करवाकर पीड़ित को न्याय दिलवाएं पुलिस : उपायुक्त

**बैठक में रखी कुल 14 में से 07 शिकायतों का किया मौके पर निवारण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति ने विदेश भेजने को लेकर धोखाधड़ी की एक शिकायत पर पुलिस को निर्देश दिए कि पीड़ित की शिकायत अनुसार एफआईआर करवाकर उसे न्याय दिलवाएं। इसके लिए चंडीगढ़ पुलिस के साथ तालमेल बैठाना पड़े तो वहां से सहयोग लें ताकि पीड़ित को बेवजह चक्कर न काटने पड़ें।

डीसी प्रीति शुक्रवार बाद दोपहर लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायतें सुन रहीं थीं। बैठक में कुल 14 में से सात शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। बैठक में पहली शिकायत में सीवन गेट निवासी मनजीत सिंह ने आरोप लगाया था कि उसने उसकी बेटी को विदेश भेजने के लिए रवि व अन्य से संपर्क किया। जो चंडीगढ़ में फर्म चलाते हैं। उन्होंने उसकी बेटी को विदेश न भेजकर उसके साथ नौ से दस लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। इस पर डीसी ने पुलिस उपाधीक्षक गुरविंद्र से पूछा कि अभी तक एफआईआर क्यों नहीं हुई? डीएसपी ने चंडीगढ़ का मामला होने की बात कही। डीसी ने पुलिस को निर्देश दिए कि पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर करवाकर न्याय दिलवाएं। इसके लिए चंडीगढ़ पुलिस से कोऑर्डिनेट करें। इस शिकायत को लंबित रखा गया।





**कैथल ।** डीसी प्रीति कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायत सुनते। फोटो : हरिभूमि

जनकपुरी कालोनी निवासी सतीश कुमार ने शिकायत दी कि उसके पड़ोस में किराये पर रहने वाले चार युवकों को गली में शराब पीने पर टोकने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस में शिकायत के बावजूद आरोपी उसे धमकी देते हैं। मुंह पर कपड़ा बांध कर बाइक पर घूमते हैं। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

डीसी प्रीति ने इस मामले को लंबित रखते हुए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सेक्टर 19 निवासी सुरेश कुमार की सेक्टर में टूटे हुए गेट को लगवाने, गड्ढा भरवाने संबंधी शिकायत को अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई किए जाने पर निपटा दिया गया। कैथल निवासी श्याम लाल व अन्य की सीवरेज संबंधी शिकायत पर अधिकारियों की कार्रवाई से शिकायतकर्ता के संतुष्ट पाए जाने पर शिकायत का निपटान कर दिया गया। जगदीशपुरा निवासी रानी ने आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में 134 ए के तहत दाखिला न दिए जाने की शिकायत पर शिक्षा विभाग से रिपोर्ट मांगी। विभाग ने बताया कि 134 ए बंद हो गई है, यह आवेदन आरटीई के तहत किया गया था। जो नियम पूरे न किए जाने के कारण स्वीकार नहीं हुआ। डीसी ने इस शिकायत का निपटान करते हुए आरटीई के तहत अब तक आई सभी शिकायतों की रिपोर्ट कमेटी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सौंगरी गुलियाणा निवासी चांदी देवी ने उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर देने की मांग की।

डीसी प्रीति ने उज्जवला योजना बंद होने के कारण रेडक्रॉस सोसाइटी से उसे गैस कनेक्शन दिए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिए कि महिला के घर की जांच करवाकर नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाएं।

**डीएसपी को निर्देश**

तीसरी शिकायत में बालू निवासी गुरदेव सिंह ने आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय में एक कर्मचारी को रंगे हाथों पकड़वाने की शिकायत लेकर गए थे। वहां उपस्थित अधिकारी ने सीधे संबंधित कर्मचारी को फोन कर दिया। वह कर्मचारी पहले से ही इस अधिकारी को जानता था। उसने मिलीभगत की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। इस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से आए डीएसपी के जवाब पर डीसी ने इस शिकायत का निपटारा करते एसडीएम कैथल को निर्देश दिए कि वे इस बैठक में रखी गई शिकायत को लेकर ब्यूरो के एडीजीपी को पत्र लिखें। उन्होंने ब्यूरो के डीएसपी को भी निर्देश दिए कि उन्होंने एडीजीपी को जो पत्र लिखा है।

**रिश्वत मांगने का आरोप**

मटौर निवासी दिलबाग सिंह ने कहा कि उसने अपनी पत्नी सुनीता के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया था। उसका आवेदन स्वीकार हो गया था। पंचायत सचिव ने उसे बुलाकर उसका आवेदन स्वीकृत होने बारे सूचना दी थी। इसके बाद जब वह जेई से मिला तो जेई ने उससे 25 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। जब उसने पैसे देने से इंकार कर दिया तो जेई ने उसे धक्के मार कर बाहर निकाल दिया और उसे योजना से भी अपात्र कर दिया। डीसी ने इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए एसडीएम कैथल अजय सिंह को निर्देश दिए कि वे इस मामले की जांच कर उन्हें रिपोर्ट देंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुरेश संधू, भाजपा नेत्री शैली मुंजाल, भाजपा नेत्री निधि मोहन, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य शक्ति सौदा, गोपाल सैनी सहित जिला कष्ट निवारण समिति के नए बनाए गए सदस्य व अन्य गणमान्य लोग व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं: गुप्ता

- नायब सिंह सरकार हरियाणा के विकास की नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मोदी मित्र रामप्रताप गुप्ता का ग्रामीणों व युवाओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में अभूतपूर्व निर्णय ले रही है। उन्होंने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से "दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना" का शुभारंभ होने जा रहा है, जिससे प्रदेश की लाखों महिलाओं को हर माह ₹2100 की सीधी आर्थिक सहायता मिलेगी। इस ऐतिहासिक घोषणा के पूरा होने से महिलाओं में अभूतपूर्व खुशी की लहर है और वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जता रही हैं।



**कैथल ।** रामप्रताप गुप्ता कार्यकर्ताओं से रूबरू होते। फोटो : हरिभूमि

गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौकरी में पारदर्शिता लाकर युवाओं के लिए नए अवसर खोले हैं, जिससे भ्रष्टाचार पर कड़ी रोक लगी है। वहीं व्यापारियों के हितों की सुरक्षा, किसानों को उचित समर्थन मूल्य, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं को स्वरोज़गार के नए साधन देने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय की जो नई धारा बह रही है, उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दूरदर्शी नीतियों को जाता है।

गुप्ता ने कार्यकर्ताओं और आमजन से आह्वान किया कि वे भाजपा सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएँ और विकास की इस गति को और मजबूत करने के लिए एकजुट होकर योगदान दें। इस अवसर पर हिमांशु गोयल जिला मीडिया प्रभारी भाजपा कैथल, सतीश ढुल, अनिल गर्ग, दीपक, शिपिन, राममेहर, जरनैल, सुरेंद्र, करमू, विक्की, सुनील शर्मा व अन्य साथी उपस्थित रहे।

# मेजर ध्यानचंद का जीवन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत: राजकुमार बेनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट कॉलेज कैथल में आज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम में शारीरिक शिक्षा विभाग, जाट कॉलेज कैथल के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह व शारीरिक शिक्षा विभाग के स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि व प्रबंधन समिति सदस्यों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजकुमार ने खिलाड़ियों को अपने संबोधन में कहा कि- खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से ही हमारा सर्वांगीण विकास होता है ।आज जिस महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है वह हमारे लिए एक आदर्श व प्रेरणा स्रोत रहे हैं प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय जगत में खेलों का विशेष कर हॉकी में भारत का परचम लंबे समय तक ऊपर रखा।



**विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया**

इस दौरान विभिन्न खेल गतिविधियां कबड्डी, रस्सा- कस्सी, गेज बॉल ,एरोबिक्स एक्टिविटी आदि आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि व प्रबंधन समिति सदस्यों ने खिलाड़ियों से परिचय किया व विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल,कोषाध्यक्ष बलकार नैन, कार्यकारिणी सदस्य डॉ सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष सुशील कुमार प्रोफेसर अनिल कुमार, प्रोफेसर राजपाल सिंह व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।




रोड सेफ्टी पर एक दिवसीय सेमिनार के वक्ताओं को सम्मानित करते अधिकारी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

**कैथल।** आई आई एल एम विवि कैथल में स्कूल ऑफ सोशल साइंस एंड हमुनीटीज द्वारा रोड सेफ्टी पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला उप निरीक्षक ट्रैफिक सुशील प्रकाश ने शिरकत की मुख्य वक्ता के रूप में समीर सैनी प्रिंसिपल अशोक लीलैंड डीटीआई, चीफ इंस्ट्रक्टर राजवीर सिंह ट्रेनिंग मैनेजर पुनीत धीमान अपने विचार रखें। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद ने अपने वक्तव्य में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम क्या आयोजन के लिए आयोजित टीम को बधाई दी और कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो हमारे समाज के लिए बहुत मायने रखता है। जिला ट्रैफिक उप निरीक्षक सुशील प्रकाश ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं न केवल जान-माल की हानि का कारण बनती हैं, बल्कि वे हमारे समाज पर भी गहरा प्रभाव डालती हैं। इस अवसर पर मुख्य चीफ इंस्ट्रक्टर राजवीर सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य जान-माल की सुरक्षा करना है। सड़क दुर्घटनाएं जान-माल की हानि का एक प्रमुख कारण हैं। सड़क दुर्घटनाएं न केवल पीड़ित परिवारों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए भी एक बड़ा बोझ हो सकती हैं। सुरक्षा उपकरणों जैसे कि हेलमेट, सीटबेल्ट आदि का उपयोग करना भी सड़क सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# स्वच्छता मुहिम को लेकर सीएम गंभीर : भारती

- मुख्यमंत्री ने विशेष रूचि लेकर हरियाणा स्वच्छता अभियान की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता मिशन को लेकर हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गंभीर हैं। पहले से ही हरियाणा में स्वच्छता को लेकर अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। अब मुख्यमंत्री ने विशेष रूचि लेकर हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। अधिकारी इस अभियान को सफल बनाने में मिशन मोड में काम करें। ताकि इस बार कैथल स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहे। अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों, जन प्रतिनिधियों व आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।



**कैथल ।** मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती बैठक को संबोधित करते।

इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देना है। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं स्वच्छ भारत व सीएम नायब सिंह सैनी के विकसित एवं स्वच्छ हरियाणा के सपने को साकार करने का काम करें। मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा स्वच्छ भारत मिशन के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र व विधायक पूंडरी सतपाल जांबा भी मौजूद रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में हाकी के जादूगर को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 29 से 31 अगस्त तक सभी महाविधालयों में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाना है । उत्सव को उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा सुबह 9 15 मिनट पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लांच किया । वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त महाविद्यालय परिवार के स्टाफ सदस्यों तथा छात्राओं को एक पटल पर दर्शाया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डा सुनील गर्ग ने इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी स्टाफ सदस्यों तथा छात्राओं का स्वागत किया । महाविद्यालय के खेलकूद प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि हर वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है । उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ- साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया । नवीन कुमार ने बताया की इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर "हर गली हर मैदान, खेलेगा सारा हिंदुस्तान " तथा " खेलेगा देश खिलेगा देश " टैगलाइन चलाई गई ।

**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में करवाया प्रतियोगिता का आयोजन**

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में मंजू ने प्राप्त किया अव्वल स्थान

- जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, कार्टून मेकिंग व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, कार्टून मेकिंग एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कैथल में जिला स्तरीय पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, कार्टून मेकिंग एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डा० विजय लक्ष्मी जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, कैथल के मार्गदर्शन तथा जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ एससीइआरटी गुरुग्राम के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।



**कैथल ।** अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

कार्यक्रम का संचालन जिला स्तर पर डॉ. राज कुमार इंचार्ज डीआरयू विंग डाइट कैथल की देखरेख में संपन्न हुआ। वर्ग 9 से 12 के पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम : आभा रानी (आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामगढ़ पांडवा), द्वितीय : धरीती (राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजौंद), तृतीय : तानिया (पी.एम. श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखौली अड्डा) रहे।

**परिणाम कक्षा वर्ग 6 से 8 के पोस्टर मेकिंग में**

प्रथम : अंशुल (पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बात्ता), द्वितीय : शिवानी (राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुंदडी) तृतीय : चेतना (राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर)

निबंध लेखन में प्रथम : मंजू ( कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मटौर), द्वितीय : प्रीत (राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रसिना), तृतीय : हीना कुमारी (पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीवन)। स्लोगन लेखन में प्रथम : पूर्वी (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाई), द्वितीय : गौरव (आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ पांडवा), तृतीय : परवी (राजकीय मध्य विद्यालय खानपुर)। कार्टून मेकिंग में प्रथम : तमन्ना (आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ पांडवा)

द्वितीय : भूमि (राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाई), तृतीय : संदीप (राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर)। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम : वर्षा एवं स्नेहा (राजकीय माध्यमिक विद्यालय, वज़ीर नगर), द्वितीय : सान्वी एवं राधिका (राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कठवाड़), तृतीय : कुसुम एवं शिवानी (राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,सीवन) रहे।

### गणेश उत्सव के दूसरे दिन भजन संध्या में श्रद्धालु झूमे

**सीवन।** नगर के शांति मोहल्ला सेवा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक श्री गणेश उत्सव में दूसरे दिन का रात्रि संकीर्तन बड़े ही भव्य और धार्मिक माहौल में संपन्न हुआ। इस संकीर्तन का आयोजन विकास मल्होत्रा गोल्डी ग्रुप की ओर से किया गया।

**सूचना**

हम, धुप सिंह व रीना पत्नी धुप सिंह निवासी सीआईए स्टाफ गली, नरवाना, जिला जींद बयान करते हैं कि हमारी पुत्री काफी हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत भागखेड़ा**
**ब्लॉक पिल्लूखेड़ा (जींद) हरियाणा-126113**

**तालाब की खुली बोली**

ग्राम पंचायत भागखेड़ा के शिवमंदिर वाला तालाब, 5 एकड़ की बोली सामान्य चौपाल भागखेड़ा में सुबह 11:00 बजे दिनांक 09.09.2025 को की जाएगी। जो कि मछली पालन हेतु होगी जिसकी सिक्यारिटी राशि 50,000/-रूपये जमा करवानी होगी, बाकि शर्तें मौके पर बता/सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत भागखेड़ा
ब्लॉक पिल्लूखेड़ा (जींद)
मो. नं. 9518454824

## खबर संक्षेप

### राजकीय आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित

**जींद।** राजकीय आईटीआई में प्राचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में शिक्षुता कैंपस का आयोजन किया गया। इसमें न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर कंपनी नोएडा की कंपनी ने भाग लिया और छात्रों के चयन के लिए ऑनलाइन टेस्ट व इंटरव्यू की प्रक्रिया की गई। इसमें विभिन्न ट्रेडों के 43 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और कंपनी ने 39 विद्यार्थियों को इंटरव्यू की प्रक्रिया के आधार पर चयन किया। प्राचार्य नरेश कुमार पांचाल ने कहा कि न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर कंपनी ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है।

### विद्यार्थियों को खिलाई एल्बेंडाजोल की दवा

**उचाना।** ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में एल्बेंडाजोल दवा विद्यार्थियों को खिलाई गई। प्रधानाचार्या डिंपल अरोड़ा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की इस पहल का उदेश्य विद्यार्थियों को कृमिरोग से बचाना और स्वास्थ्य एवं विकास को सुदृढ़ करना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीम बना कर स्कूलों में विद्यार्थियों को ये टैबलेट दी जाती है। विद्यार्थियों को स्कूल में ये दवा मिलने से उनका कृमिरोग से बचाव होता है।

### तीरंदाजी: छाई एसपीएस उचाना मंडी की छात्राएं

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने जिलास्तर पर आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीतकर स्टेट के लिए क्वालीफाई किया। प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने बताया कि 22 अगस्त को इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना में आयोजित जिलास्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सोनम खरकभूरा ने अंडर 19 में स्वर्ण, अंडर 14 में वंदना ने कांस्य पदक जीत कर प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया। कोच सुमित श्योकंद ने बताया कि आठसे 10 सितंबर तक फरीदाबाद में प्रतियोगिता आयोजित होगी।

### तकनीकी सहायक मुकेश कुमार सेवानिवृत

**जींद।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के तकनीकी सहायक मुकेश कौशिक 58 वर्ष की आयु उपरांत शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में एक सादगीपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी के योगदान को याद किया और उनके कार्यकाल की सराहना की। डीपीआरओ कृष्ण कुमार ने कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान विभागीय दायित्व का पूरी ईमानदारी और मेहनत से कार्य कर निभाया है।

### राजौंद कॉलेज में वित्तीय शिक्षा पर कार्यशाला

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल ने राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र मुंबई के सहयोग से वित्तीय शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित की। प्रशिक्षक धर्मेन्द्र कथुरिया ने विद्यार्थियों को उद्यमिता, बैंकिंग सुविधाएं, ऋण योजनाओं, बीमा योजनाओं तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रमुख बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जीवन बीमा के लिए, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, दुर्घटना बीमा की जानकारी दी।

---

### बरसात के पानी में डूबी 30 से अधिक गांवों की फसलें

# जींद-उचाना में झमाझम बारिश मौसम का रंग देख सहमे किसान

**जींद में 31 तो उचाना में 12 एमएम बरसात दर्ज जुलाना, पिल्लूखेड़ा व नरवाना में बूंदाबांदी ने बढ़ाई चिंता, अभी राहत की नहीं उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शुक्रवार को जींद तथा उचाना के आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हुई। जबकि अन्य स्थानों पर हलकी बूंदाबांदी हुई। आकाश में घुमड़ते बादलों को देख जुलाना, पिल्लूखेड़ा तथा नरवाना इलाके के किसानों के चेहरों पर परेशानी भी देखने को मिली। बारिश के दौरान शहर व गांवों में जगह जगह सड़कों व गलियों में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 85 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों आसमान में बादल छाए रहने व कहीं बरसात तो कहीं बूंदाबांदी की संभावना है।



जींद। खेतों में होती बारिश। फोटो : हरिभूमि

#### अभी खेतों में खड़ा से 3 से 4 फीट पानी

बारिश से पिल्लूखेड़ा, जुलाना तथा नरवाना के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां फसलों में तीन से चार फूट तक पानी खड़ा है और फसलें डूबी हुई हैं। अगर ऐसे हालात में और बारिश होती है तो किसानो की फसलें पूरी तरह चौपट हो जाएंगी। जिले में ऐसे तीस से ज्यादा गांव हैं, जहां पर फसलों पर खतरा मंडरा रहा है। आकाश में बादलों के जमावड़े से उन इलाकों के किसानों की धड़कन भी ऊपर नीचे होती रही है। मौसम उन किसानों की फसलों पर खतरा बन कर मंडराता रहा। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानूसन की सक्रियता से बारिश हो रही है। अगले तीन दिनों तक आकाश मे बादल छाए रहने तथा बारिश की संभावना है। किसान कृषि से संबंधित कार्य मौसम को ध्यान मे रख कर करें।

#### बादलों के साथ हुआ दिन का आगाज

शुक्रवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल गहरे होते चले गए। कुछ समय के साथ बारिश शुरू हो गई। जिसके साथ मौसम सुहाना हो गया। बारिश के दौरान शहर में कुछ स्थानों पर पानी भी खड़ा हुआ लेकिन सिस्टम के एक्टिव होने के चलते पानी का उतार दिया गया। शुक्रवार को जींद में 31 एमएम तो उचाना में 12 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि जिले में अन्य स्थानों पर हलकी बूंदाबांदी दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलो से बारिश की संभावना बनी रही।



गुहला चीका। घग्गर नदी में बहता पानी फोटो : हरिभूमि

#### नियंत्रण में घग्गर नदी में जलस्तर की स्थिति प्रशासन सतर्क, किसान और ग्रामीण चिंतित

**गुहला चीका।** टटियाना क्षेत्र से गुजर रही घग्गर नदी में जलस्तर की स्थिति नियंत्रण में है, प्रशासन अलर्ट मोड में है। ग्रामीणों के बीच चिंता का माहौल बन गया है। शुक्रवार शाम 4 बजे तक नदी में जलस्तर लगभग 9-1/2 फीट मापा गया। फिलहाल खतरे की कोई स्थिति नहीं है, लेकिन एहतियातन प्रशासन ने नदी के कमजोर तटबंधों पर निगरानी बढ़ा दी है और सभी संबंधित टीमें मुस्तैद कर दी गई हैं। सिंचाई विभाग के एसडीओ अजमेर मलिक ने बताया कि वर्तमान में नदी में करीब 14630 क्यूसेक पानी का बहाव है, जबकि दिन में यह मात्रा 14,630 क्यूसेक ही थी। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण मारकंडा नदी का पानी घग्गर में पहुंच रहा है। रात में जलस्तर और बढ़ने की आशंका है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

---

## तबादला नीति हो रद, मांगी गई मांगें पूरी करें सरकार



कैथल। नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

- 8वें वेतन आयोग का गठन कर वेतन विसंगति दूर करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ के मांग दिवश मनाते हुए डिपो कमेटी की मीटिंग की गई जिसके अध्यक्षता डिपो प्रधान श्री अमित-कुंडू व संचालन डिपो सचिव श्री कृष्ण गुलियाना ने किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर आज मांग दिवस के लिए मीटिंग की गई जिसमें आठवीं वेतन आयोग का गठन समान काम समान वेतन। पुरानी पेंशन बहाली रेगुलराइजेशन व खाली पदों पर भर्ती कर निजीकरण पर रोक लगाई जाए। प्रधान अमित कुंडू ने कहा कि सरकार व विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर कि बातचीत में विभाग के कर्मचारियों की बनाई गई तबादला नीति खामियों पर यूनियन लिखित आपत्ति जताते हुए तबादला निती रद करने की मांग कर चुकी है। कृष्ण गुलियाना ने मांग कि अब सरकार चालकों परिचालकों का आपसी स्थानांतरण किया जाए और कर्मचारियों को अपने गृह जिले में भेजा जाए। अगर फिर भी सरकार पॉलिसी लागू करना चाहती है तो रोड़वेज कर्मचारी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे व आनलाइन तबादला नीति का डट कर विरोध करेंगे। सरकार अपने वायदे अनुसार सभी खाली पदों पर प्रमोशन करें। चालक व परिचालकों के साथ झगड़े मामले में सख्त कार्यवाही नियम बनाने, सभी महाप्रबंको को डिपो स्तर की मांगों को पूरा करने के लिए मुख्यालय की ओर से जल्द पत्र जारी करे।

#### बातचीत में बनी थी सहमति

प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाचॅ ने महानिदेशक के साथ हुई बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी उनमें, चालकों लिपिकों, परिचालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, चालक व परिचालकों को एक माह में 30 रात्रि ठहराव के भुगतान की पावर महाप्रबंधको को देने, 2004 से पहले लगे चालको को नियुक्ति तिथि से पक्का करने व पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने, चालक, परिचालक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक व कर्मशाला के कर्मचारियों को मिलने वाले अवकाश पूर्व की भांति एक वर्ष में 33 अवकाश देने,व चालको की पदोन्नति के लिए 194 पोस्ट अड्डा इंचार्ज बनाने, कर्मशाला में ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर किया जाए।

---

## नि:शुल्क शिविर में जांचा 120 से अधिक गाय व भैंसों का स्वास्थ्य

- गांव सिनयाना में पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा किया गया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चाखेड़ा द्वारा गांव सनियाना में पशु स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्र निदेशक हितेश कालराए कृषि संकाय डा. रोहित व डा. मदन लाल वीएस जीवीएच सनियाना की टीम संजय वीएलडीए बलराज व पशु परिचारक जयबीर आदि उपस्थित थे। इस कैंप में लगभग 120 गाय व भैंसों के स्वास्थ्य की जांच की गई व मुफ्त दवाइयां और खनिज मिश्रण दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में डाण मदन लाल ने किसानों को पशुओं की देखरेख के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें हर तीन महीने बाद अपने पशुओं को पेट के कीड़ों की दवा अवश्य देनी चाहिए और खास ध्यान रखने योग्य बात यह है कि हर बार आपको दवा बदल कर देनी चाहिए, पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के व्यापक उपाय करने चाहिए ताकि रोग अन्य पशुओं में न फैल सके। पशुओं को संतुलित आहार देना चाहिए जिसके अंदर हरा चारा हो। ये पाचकता बढ़ाएगा तथा विटामिन ए इत्यादि की पूर्ति करेगा।



नरवाना। कैंप में पशुओं की जांच करते हुए डाक्टर।




गुहला चीका। गेट मीटिंग कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।

### चीका नपा कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग, वेतन आयोग का गठन और पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

**गुहला चीका।** अखिल भारतीय कर्मचारी फेडरेशन और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चीका नगरपालिका और फायर विभाग के कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। यह बैठक नगरपालिका कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उपप्रधान चिंतो देवी ने की और मंच संचालन तलविंदर सिंह ने किया। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक चीका यूनियन के प्रधान पवन शर्मा, सचिव संदीप सैनी और प्रेस सचिव राकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। चिंतो देवी ने कहा कि सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था और आठवां वेतन आयोग 2026 में लागू होना चाहिए, लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने इसका गठन नहीं किया, जो कर्मचारियों के हितों की अनदेखी है। प्रधान पवन शर्मा ने सरकार से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, सभी कच्चे कर्मचारियों को स्थायी करने और समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने की मांग की। मीटिंग में सागर, बलजीत, शंकर, बलकार, सतीश, पिंकी, सुदेश व रेखा मौजूद रहे।

## आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की मांग, किया प्रदर्शन

- घोषणा के बाद भी केंद्र सरकार पर आयोग का गठन करने का लगाया आरोप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के संयुक्त आह्वान पर शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा घोषणा के सात महीने बाद भी आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन न करने के विरोध में कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। जिला प्रधान संजीव ढांडा की अध्यक्षता में एकत्रित हुए। जिला प्रधान ने कहा कि सरकार जल्दी ही 8वां वेतन आयोग के लिए कमेटी का गठन करें। इसी के संदर्भ में बिजली विभाग व हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने इस फैसले के तहत एक्सईएन कार्यालय पर और बिजली विभाग के सभी सब डिवीजन पर गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सरकार ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए 16 जनवरी 2025 को आयोजित केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन करने की घोषणा की थी। यह भी आश्वासन दिया था कि वेतन आयोग की सिफारिशों को पहली जनवरी 2026 से लागू किया जाए।



जींद। नारेबाजी करते हुए बिजली निगम कर्मचारी।

---

## युवा पीढ़ी खेलों को बनाए अपने जीवन का हिस्सा: सतपाल जांबा

- विधायक सतपाल जांबा हाबड़ी ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि देश की नई युवा पीढ़ी को भारत माता की मिट्टी से जुड़ाव रखते हुए उन्हें खेलों की तरफ अपना रुझान करना चाहिए। युवा खेलों में अपनी रूचि बढ़ाएं, ताकि वह किसी भी खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सके। सरकार भी पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है, ताकि अन्य युवा भी प्रेरित हो। हमें खेल को जीवन का हिस्सा बनाना है। खेल हमें स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी बनाता है।

विधायक शुक्रवार को गांव हाबड़ी के हॉकी स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के दौरान अपना संबोधन दे रहे थे। युवा हॉकी क्लब हाबड़ी और हॉकी एकेडमी हाबड़ी के बीच मैच हुआ। जिसमें हॉकी एकेडमी की टीम ने 2-1 से विजय हासिल की। हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है व हाकी ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों ने अपने खेल से पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा खिलाडियों को सम्मानित करते हुए।

### डेंगू का एक नया केस मिला, 10 पहुंची संख्या

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग को शुक्रवार को गांव मोरखी में एक डेंगू का एक मामला मिला है। इसके चलते डेंगू के मामले बढ़ कर दस हो गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया का भी एक मामला इस वर्ष मिला है। हालांकि चिकनगुनिया के मामले में राहत की खबर है कि एक भी मामला अबतक संज्ञान में नही आया है। बुखार से पीड़ित लोगों की जांच के लिए रक्त के सैंपल लिए। स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि कर्मचारियों ने जहां दूषित पानी से होने वाली डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतू पानी साफ करने वाली क्लोरीन की गोलियां तथा ओआरएस व जिंक की गोलियां भी वितरित की और पीने के पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे।

## परिवहन विभाग की तबादला नीति को तत्काल रद करे प्रदेश सरकार

- करोडवेज कर्मियों ने की आठवें वेतन आयोग का गठन, पुरानी पेंशन बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

डिपो प्रधान देवेंद्र घोडेला की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन डिपो सचिव रमेश भैणी ने किया। डिपो प्रधान देवेंद्र घोडेला ने कहा कि सरकार परिवहन विभाग में तबादला नीति रद्द कर मांगी हुई मांगों को लागू करें। उन्होंने कहा कि आठवें वेतन आयोग का गठन, पुरानी पेंशन बहाली, खाली पदों पर भर्ती कर निजीकरण पर रोक लगाई जाए। हरियाणा सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत में विभाग के कर्मचारियों की बनाई गई तबादला नीति खामियों पर यूनियन लिखित आपत्ति जताते हुए तबादला निती रद्द करने की मांग कर चुकी है। सचिव रमेश भैणी ने कहा कि अगर फि र भी सरकार पॉलिसी लागू करना चाहती है तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे व ऑनलाइन तबादला नीति का डट कर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा सरकार अपने वायदे के अनुसार सभी खाली पदों पर प्रमोशन करें। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने कहा कि 22 मई को महानिदेशक के साथ हुई बातचीत में जिन मांगों पर सहमति बनी थी।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

---

## आज के दौर में किसानों और मजदूरों की एकता समय की मांग: फूल सिंह

- 13 महीने चले किसान आंदोलन में किसान सभा की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी जींद का सम्मेलन किसान नेता राजेंद्र निडाना की अध्यक्षता में हुआ। किसान नेता फूल सिंह श्योकंद ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा का गठन 1936 में हुआ था। स्वामी सहजानंद सरस्वती व महासचिव स्वतंत्रता सेनानी एनजी रंगा थे। जहां इस संगठन का आजादी की लड़ाई में भारी योगदान था। 13 महीने चले किसान आंदोलन में भी किसान सभा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। किसान सभा आज भारत का सबसे बड़ा किसान संगठन है। सम्मेलन का संचालन वेद प्रकाश अलेवा ने किया। कपूर सिंह ने कहा कि आज के दौर में किसान मजदूर एकता का होना बहुत जरूरी है। आने वाले समय में भाजपा सरकारों द्वारा लागू की जा रही किसान मजदूर विरोधी विरोधी नीतियों का मुकाबला संगठित होकर ही किया जा सकता है। सम्मेलन में सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय तहसील कमेटी चुनी गई जिसका प्रधान रमेश चंद्र व सचिव राजकुमार ललित खेड़ा और खजांची शमशेर को चुना गया तथा जिला सम्मेलन जो छह सितंबर को उचाना में किसान सम्मेलन होगा।



जींद। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### पहाड़ों में भारी बारिश व भूस्खलन का रोडवेज बसों पर भी असर

## जांलधर तक जम्मू कटरा, अब हलद्वानी वाया हरिद्वार

- पहाडों पर लगातार हो रही बारिश व भुस्लखन की घटनाएं सामने आने पर उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पहाड़ों में भारी बारिश के चलते लगातार भूस्खलन होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में जींद से पहाड़ी क्षेत्रों की तरफ जाने वाली बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से हलद्वानी जाने वाली बस को बिजनौर की जगह वाया हरिद्वार के रास्ते डायवर्ट रूट से चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जींद से जम्मू कटरा जाने वाली बस को जालधंर तक ही भेजा जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी हो रही है। जींद बस स्टैंड से जम्मू कटरा के लिए जाने वाली बस में हर रोज लगभग 20 से 25 माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रोडवेज बस में जाते थे।

आमतौर पर जींद से जम्मू कटरा के लिए बस सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर बस चलती है। जो नरवाना, संगरूर व लुधियाना होते हुए करीब 13 घंटे में शाम सात बजे जम्मू और कटरा पहुंचती है। जींद से जम्मू कटरा की दूरी लगभग 575 किलोमीटर है। रोडवेज बस से कटरा जाने के लिए 750 रुपये किराया लगता है। यह बस कटरा में रात्रि ठहराव कर अगले दिन सुबह पांच बजे वाया पानीपत होकर दिल्ली के लिए वापसी करती है। यात्रियों की मांग पर यह बस जनवरी माह में शुरू की गई थी। जम्मू कटरा के लिए बस चलाने को लेकर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्डा भी पैरवी कर चुके हैं। उन्होंने इसको लेकर रोडवेज महाप्रबंधक जींद को निर्देश दिए थे, जिसके बाद जनवरी माह की शुरूआत में जींद से जम्मू कटरा के लिए बस शुरू की गई थी। कटरा में माता वैष्णो देवी का मंदिर है। इस मंदिर के प्रति लोगों की काफी आस्था है। ऐसे में काफी संख्या में श्रद्धालु यहां से कटरा दर्शन के लिए जाते हैं लेकिन अभी पहाड़ी क्षेत्र में बारिश और भूस्खलन के कारण बस को जालंधर से ही वापस आना पड़ रहा है।

जींद डिपो के डीआई जसमेर ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में बारिश और भूस्खलन के कारण अलर्ट जारी है। इसे देखते हुए जम्मू-कटरा जाने वाली बस जालंधर तक जा रही है। जैसे ही स्थिति सामान्य होगी तो बस का संचालन पहले की तरह सुचारू रूप से जारी रहेगा। रोडवेज अधिकारियों का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके।



जींद। बस अड्डा पर लगी बसें। फोटो :हरिभूमि